प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

22 मार्च 2023

गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के एक 'नए ग्रीनफील्ड डाटा सेंटर' और 'एंटरप्राइज़ कम्प्यूटिंग एवं साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान' की आधारशिला रखी

श्री शक्तिकान्त दास, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज भुवनेश्वर, ओडिशा में "ग्रीनफील्ड डाटा सेंटर' और 'एंटरप्राइज कंप्यूटिंग एवं साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान' की स्थापना के लिए आधारशिला रखी।

गवर्नर ने अपने उद्बोधन में पिछले कुछ वर्षों में वित्तीय क्षेत्र और भारतीय रिज़र्व बैंक की गतिविधियों का समर्थन करने और हाल ही में महामारी से एक सुदृढ़ बहाली में सहायता प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा। उन्होंने भारतीय रिज़र्व बैंक की भावी गतिविधियों के लिए केंद्रीय बैंकिंग, प्रौद्योगिकी और साइबर सुरक्षा से जुड़े उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान और क्षमता संवर्धन हेतु अत्याधुनिक सुविधाओं से समर्थित भारतीय रिज़र्व बैंक के मौजूदा कंप्यूटिंग अवसंरचना के संवर्धन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

18.55 एकड़ के क्षेत्र में फैला नया डाटा सेंटर और एंटरप्राइज़ कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान की जब शुरुआत की जाएगी, तो यह रिज़र्व बैंक और वित्तीय क्षेत्र की उभरती आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

इस अवसर पर ओडिशा सरकार के मुख्य सचिव और ओडिशा सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, वरिष्ठ बैंकर और भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिकारी उपस्थित थे।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1898